प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

6 जुलाई 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने राज्य वित्त सचिवों का 33वां सम्मेलन आयोजित किया

राज्य वित्त सचिवों का 33वां सम्मेलन 6 जुलाई 2023 को मुंबई में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का विषय 'ऋण धारणीयता: राज्यों का परिप्रेक्ष्य' था और इसमें 23 राज्यों तथा एक संघ शासित प्रदेश के वित्त सचिवों तथा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों, महालेखा नियंत्रक और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने भाग लिया। गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए, गवर्नर ने राज्यों के दीर्घकालिक वित्तीय स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए ऋण धारणीयता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्यों को राजकोषीय सुदृढ़ीकरण, व्यय की गुणवत्ता में सुधार और राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य से संबंधित अन्य मुद्दों यथा आकस्मिक देयताएँ/ गारंटी आदि पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ, राज्यों द्वारा बाज़ार उधार, समेकित ऋण-शोधन निधि और गारंटी उन्मोचन निधि का प्रबंधन, राज्य सरकार की गारंटी से संबंधित मुद्दे, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा राज्यों को अल्पावधि वित्तीय निभाव आदि की समीक्षा की गई।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/554